<u>समाचार</u>

निगम के 09 वाटर एटीएम व वाटर कूलर से प्रतिदिन हजारों राहगीरों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

(आयुक्त ने दिए निर्देश –वाटर एटीएम व वाटर कूलर स्थलों की स्वच्छता व साफ–सफाई पर रखें विशेष नजर)

कोरबा 18 फरवरी 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राहगीरों, आमजनों को सुगम रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्थापित कराए गए 09 वाटर एटीएम व वाटर कूलर से प्रतिदिन हजारों लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा हैं, वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी वाटर एटीएम व वाटर कूलर के स्थलों की स्वच्छता व साफ–सफाई पर विशेष नजर रखें तथा यह सुनिश्चित करें कि वाटर एटीएम की गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं आमजनों को प्राप्त हों।

यहॉ उल्लेखनीय है कि राहगीरों, मुसाफिरों, सड़कों पर व्यवसाय करने वालों व आम लोगों को सुगम रूप से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा शहर तथा इसके उपनगरीय क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों में वर्ष 2018–19 में वाटर एटीएम व वाटर कूलर स्थापित कराए गए थे, इन वाटर एटीएम से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग शुद्ध पेयजल प्राप्त कर रहे हैं, वर्तमान में निगम के सभी 09 वाटर एटीएम व वाटर कूलर चालू अवस्था में है, जिनमें 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहता है तथा जरूरत अनुसार आम लोग इस पेयजल का उपयोग कर रहे हैं। वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी वाटर एटीएम में हर समय पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता बनाए रखें तथा स्थल पर स्वच्छता व साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें ताकि वाटर एटीएम की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं लोगों को सुगम रूप से प्राप्त होती रहे।

<u>इन स्थानों पर स्थापित हैं वाटर एटीएम, कूलर</u> – निगम द्वारा कोरबा शहर व उपनगरीय क्षेत्रों के जिन प्रमुख स्थलों पर वाटर एटीएम या कूलर स्थापित कराए गए हैं, उनमें बुधवारी बाजार, स्मृति उद्यान के समीप, टाप इन टाउन होटल के सामने, मानिकपुर बाजार, बालको बस स्टैण्ड, परसाभांठा बाजार, चेकपोस्ट, जेलगांव चौक तथा टी.पी.नगर नया बस स्टैण्ड आदि स्थल शामिल हैं तथा वर्तमान में उक्त सभी स्थानों के वाटर एटीएम कूलर चालू अवस्था में है।

गर्मी में बढ़ जाती है इनकी उपयोगिता – ग्रीष्म ऋतु के दौरान निगम द्वारा स्थापित किए गए इन वाटर एटीएम व वाटर कूलर की उपयोगिता बढ़ जाती है, राह चलने वाले लोगों, मुसाफिरों सड़कों पर व्यवसाय करने वालों तथा अन्य जरूरतमंद लोगों को गर्मी के सीजन में शुद्ध व ठंडा पेयजल इन वाटर एटीएम कूलर के माध्यम से सुगम रूप से प्राप्त हो जाता है, चूंकि ग्रीष्म ऋतु के दौरान लोगों को पेयजल की आवश्यकता अधिक पड़ती है, किन्तु इन प्रमुख स्थलों पर वाटर एटीएम स्थापित होने के कारण वे पर्याप्त रूप से शुद्ध व ठंडा पेयजल का उपयोग कर पाते हैं तथा उन्हें पेयजल हेतु अनाश्यक रूप से भटकना नहीं पड़ता।